

नवभारत
भोपाल, शनिवार 6 जून, 2026

# सरकारी जमीन की अवैध वसूली का खेल

**खास बातें**

- सड़कों और फुटपाथ पर किराये का कारोबार
- नीलामी और बिक्री के नाम पर वर्षों से चल रहा कथित अवैध कब्जा और वसूली का धंधा
- दुकानदारों से हजारों रुपए महीना वसूले जाने के आरोप



नवभारत न्यूज

**विदिशा 5 जून, शहर की सब्जी मंडी और मुख्य बाजार क्षेत्र में सरकारी जमीन के दुरुपयोग और अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आ रहा है. स्थानीय लोगों और दुकानदारों के अनुसार मंडी की वह सड़क, जहां रोजाना सैकड़ों लोग सब्जी की खरीदारी करने आते हैं, वर्षों पहले कथित रूप से नीलाम कर दी गई थी या फिर उसे निजी उपयोग के लिए बेच दिया गया था. हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इसकी कोई स्पष्ट पुष्टि नहीं है, लेकिन जमीन पर कब्जे और किराए की वसूली की बात लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है.**

मंडी क्षेत्र में फुटपाथ और सड़क किनारे जो दुकानें लगती हैं, उनमें से कई जगहों पर अब स्थिति यह है कि सरकारी जमीन को ही दुकान की आगे की जगह बताकर किराया वसूला जा रहा है.यह वसूली कहीं मौखिक समझौते के आधार पर हो रही है तो कहीं लिखित एग्रीमेंट के नाम पर भी भुगतान लिया जा रहा है.

### रोजाना और मासिक वसूली का आरोप

छोटे दुकानदारों का आरोप है कि कुछ जगहों पर रोजाना के हिसाब से पैसे लिए जाते हैं, जबकि कई स्थानों पर हजारों रुपए महीना किराया वसूला जा रहा है. यह पूरा सिस्टम अनौपचारिक रूप से चल रहा है, जिसमें किसी भी प्रकार की सरकारी रसीद या वैध दस्तावेज नहीं दिए जाते. लोगों का कहना है कि जो जगह कभी सार्वजनिक उपयोग के लिए थी, आज वही जगह मूल्यवान संपत्ति बन गई है और उस पर कब्जा कर निजी कमाई का जरिया बना लिया गया है. छोटी-छोटी जगहों की कीमत लाखों रुपए तक पहुंचने की बात भी सामने आ रही है.

### प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल

इस पूरे मामले ने नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और वसूली हो रही है तो यह गंभीर लापरवाही मानी जा रही है। लोगों का कहना है कि समय-समय पर शिकायतें भी की जाती हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से स्थिति जस की तस बनी रहती है. शहरवासियों और व्यापारियों की मांग है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। सरकारी जमीन को मुक्त कराया जाए और फुटपाथ एवं सड़कों को आम जनता के लिए सुरक्षित रखा जाए। साथ ही अवैध वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की जा रही है. सब्जी मंडी और मेन बाजार में सामने आ रहे इन आरोपों ने शहर की सार्वजनिक संपत्ति के उपयोग और उसके प्रबंधन पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यदि यह स्थिति सही साबित होती है, तो यह न केवल प्रशासनिक विफलता होगी बल्कि शहर की सार्वजनिक व्यवस्था पर भी गंभीर प्रभाव डालेगी. इस मामले में सब्जी मंडी के अध्यक्ष सूरज सिंह किरार का कहना है कि मंडी में हुए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और नगरपालिका को ज्ञापन दिया जा चुका है. जिनसे मांग की गई है कि मंडी का अतिक्रमण हटाया जाए. कई पक्की दुकानों के आगे भी अतिक्रमण है जिसे भी हटाने की मांग की गई. सीएमओ दुर्गेश ठाकुर का कहना है कि सब्जी मंडी में यदि सड़क पर दुकान लगी हैं और उस सड़क का किराया लिया जा रहा है तो यह अनुचित है. इसकी जांच कराई जाएगी. सब्जी मंडी में हुए अतिक्रमण हो भी व्यवस्थित किया जाएगा. कोतवाली टीआई आनंद राज ने कहा कि सुबह मंडी पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को देखेंगे यदि फड़ वालों से अवैध वसूली हो रही है और फड़ अवैध हैं तो उन्हें प्रशासन से वैध कराया जाएगा.

### मंडी से लेकर मेन बाजार तक फैला नेटवर्क

सिर्फ सब्जी मंडी ही नहीं, बल्कि शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में भी इसी तरह की स्थिति देखी जा रही है.मेन रोड और व्यस्त बाजारों में कई दुकानों के सामने की सरकारी जमीन या फुटपाथ को भी किराए पर देने की शिकायतें मिल रही हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति वर्षों से बनी हुई है, और दुकानदार बदलते रहते हैं लेकिन व्यवस्था जस की तस बनी रहती है.फुटपाथ पर लगने वाले छोटे व्यापारियों से लेकर स्थायी दुकानदारों तक से वसूली की बात सामने आ रही है.

# वार्ड नंबर 32 सुभाष नगर में सड़क और नालियों की बदहाली से नाराज लोग

- वर्षों से समस्या जस की तस
- निर्माण के वादों के बावजूद अब तक नहीं बनी सड़क



नवभारत न्यूज

**विदिशा 5 जून, शहर के सुभाष नगर वार्ड नंबर 32 के रहवासी पिछले कई वर्षों से मूलभूत सुविधाओं की कमी और बदहाल सड़क व्यवस्था से परेशान हैं.सागर पुलिय के पास स्थित इस क्षेत्र की एक गली में सड़क और नालियों का समुचित निर्माण न होने के कारण लोगों को हर साल बरसात के मौसम में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन आज तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है.**

बारिश के दिनों में गली पूरी तरह जलभराव की चपेट में आ जाती है, जिससे आवागमन मुश्किल हो जाता है और कई बार लोगों को अपने घरों से निकलना भी कठिन हो जाता है. रहवासियों के अनुसार सबसे अधिक परेशानी बरसात के दौरान होती है, जब सड़क पर पानी भर जाता है और नालियों की उचित व्यवस्था न होने से पानी घरों तक पहुंचने लगता है। इससे न केवल आमजन को असुविधा होती है बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है. स्थानीय लोगों का कहना है कि समय-समय पर जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क निर्माण और नाली सुधार के आश्वासन दिए जाते रहे हैं। कुछ पार्षदों ने तो सड़क निर्माण का हवाला देकर चुनाव भी जीत लिया, लेकिन जमीनी स्तर पर काम अब तक अधूरा ही है. स्थानीय निवासियों प्रीति बाई, संतोषी अहिरवार और रामवती बाई सहित अन्य लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण और नाली व्यवस्था सुधारने की मांग की है.

## शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं उसके महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई.कार्यक्रम का संचालन वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया. उन्होंने पर्यावरण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया.इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत हुई थी और वर्ष 1973 से इस कार्यक्रम को नियमित रूप से मनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्थाओं और संगठनों को सम्मानित किया जाना चाहिए.डॉ. अशोक रोहिल और फुटकर व्यापारी संघ के नरेंद्र जैन ने पर्यावरण के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसे सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया.

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पठारी क्षेत्र के दानखेड़ी चेक डैम के पास मिला शव, पुलिस जांच में जुटी**



नवभारत न्यूज

**पठारी. थाना अंतर्गत ग्राम दानखेड़ी चेक डैम के पास एक युवक द्वारा पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई.पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राहुल पिता रूपसिंह कुशवाह, उम्र 22 वर्ष, निवासी घोरट थाना खुरई देहात के रूप में हुई है.**

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह के निर्देशन में प्रधान आरक्षक उत्तम सिंह, आरक्षक सौरभ दीक्षित एवं गणेशराम पंथी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और उनके समक्ष शव को पेड़ से नीचे उतारा. इसके बाद पंचनामा कार्रवाई की गई और शव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पठारी लाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया.पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

## त्योंदा में 3 घंटे बाद बहाल हुई बिजली सप्लाई, डीपी में लगी आग

नवभारत न्यूज

**त्योंदा. तहसील मुख्यालय में आज तेज तूफान के कारण लगभग 3 घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रही. आंधी के चलते 33 केवी लाइन के तार आपस में टकरा गए, जिससे बड़ा फाल्ट हो गया और डीपी के नीचे आग लग गई. इसके बाद पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ठप हो गई.**

घटना की जानकारी मिलते ही लाइनमैन रोहित अहिरवार और गणेशराम अहिरवार मौके पर पहुंचे. दोनों ने करीब 3 घंटे तक लगातार मेहनत कर स्थिति को नियंत्रित किया. सबसे पहले डीपी में लगी आग पर काबू पाया गया, जिसके बाद 33 केवी लाइन में आए फाल्ट को दुरुस्त किया गया.लाइनमैन रोहित अहिरवार ने बताया कि तेज तूफान के कारण तार आपस में टकरा गए थे, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई. वहीं गणेशराम अहिरवार ने कहा कि भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद प्राथमिकता के आधार पर फाल्ट सुधार कर बिजली बहाल की गई.लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद बिजली सप्लाई पुनः सुचारू रूप से शुरू कर दी गई, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली.

## बाल मित्र ग्रामों में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन द्वारा संचालित बाल मित्र ग्रामों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए.बाल मित्र ग्राम साहबा, भिलाय, कंजना, ककरावदा, स्यावदा एवं चौरावर में बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.ग्राम भिलाय में ग्रामीणों और बच्चों ने गायों एवं अन्य पशुओं के लिए रखी पानी की टंकी की सफाई कर पशु संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया. वहीं ग्राम ककरावदा में आदिवासी टपरों में कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गई. इसके साथ ही महिला मंडल की सदस्यों ने विद्यालय के पास स्थित सार्वजनिक स्थान पर श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया.बाल मित्र ग्राम स्यावदा में महिलाओं ने गांव में वृक्षों की कटाई रोकने का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली निकालकर ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित किया.ग्राम साहबा में बच्चों ने विद्यालय परिसर में गुलमोहर एवं आंवला के पौधे रोपे तथा उनकी नियमित देखभाल एवं प्रतिदिन पानी देने की जिम्मेदारी स्वयं लेने का संकल्प लिया.




# जिंद बाबा पहाड़ी पर युवक का शव मिलने से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

- चक्का जाम कर किया प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा ,** उदयपुर क्षेत्र स्थित जिंद बाबा पहाड़ी पर एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई.मृतक की पहचान ग्राम गंज निवासी कन्हैयालाल अहिरवार (लगभग 25 वर्ष) के रूप में हुई है.बताया गया है कि मृतक ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था.परिजनों के अनुसार वह 2 जून से घर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की सूचना पहले ही पुलिस को दी गई थी.

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम कुछ चरवाहे पहाड़ी क्षेत्र में पशु चरा रहे थे, तभी उन्हें झाड़ियों के बीच एक शव दिखाई दिया.उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी.सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भिजवाया. प्रारंभिक जांच के बाद शव की शिनाख्त मनीष उर्फ कन्हैयालाल अहिरवार के रूप में की गई. शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन, समाजजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण शव लेकर जय स्तंभ चौक पहुंचे, जहां उन्होंने चक्का जाम कर प्रदर्शन किया.प्रदर्शनकारियों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की.साथ ही मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता, माता-पिता को पेंशन और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग भी रखी गई. स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## 7.60 ग्राम ब्राउन शुगर, बाइक सहित 1.50 लाख का मशरूका जब्त

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है.पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7.60 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, एक मोटरसाइकिल और अन्य सामग्री सहित लगभग 1.50 लाख का मशरूका जब्त किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. थाना बासौदा शहर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि बैतोली पुल के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है, जो अपने पास अवैध मादक पदार्थ रखकर उसकी बिक्री की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया. मौके से आरोपी के पास से 7.60 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 80,000 बताई गई है. इसके अलावा मोटरसाइकिल जप्त की गई, पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विक्रम राजपूत उर्फ विक्की (26 वर्ष), निवासी वार्ड 5, गीता टॉकीज वाली गली, गंजबासौदा बताया. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई और बिक्री में संलिप्त था.

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत हुआ पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत माधव उद्यान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.इस अवसर पर विदिशा के लोकप्रिय विधायक मुकेश टंडन मुख्य रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण की शपथ दिलाई.विधायक श्री टंडन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसका संरक्षण करे.कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष शर्मा ,दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, बेस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, वेत्रवती नगर मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी, , अरविंद श्रीवास्तव,नितिन लाला, सुनील साहू, राहुल गुप्ता, संतोष पेंटर, नागरिकों ने सहभागिता की.






